





**नवरात्रि** | घुघरी, नारायणगंज, निवास, बीजाडांडी सहित आसपास के क्षेत्रों में निकलीं जवारा शोभायात्राएं, दर्शन के लिए उमड़ी भीड़

# रामनगर की चौगान मढ़िया से निकली 3720 जवारों की भव्य शोभायात्रा



**घुघरी, नवभारत।** जिले में गौंड राजाओं की ऐतिहासिक गौंडकालीन राजधानी रामनगर स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ चौगान मढ़िया में चैत्र नवरात्रि में स्थापित किए गए 3720 जवारों और मनोकामना कलशों की विशाल विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। इस ऐतिहासिक दृश्य का साक्षी बनने के लिए पड़ोसी जिलों, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र से हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़े।

शुभ मुहूर्त में शुरू हुई इस शोभायात्रा में रामनगर के साथ चिखली, नकावल, झिरियाटोला, गुरार, जीना पलेहरा, मुनु, बिलगांव, चंदवारा, रामपुर, भोदर, डोंगरमंडला, इमलिया, डुंगरिया, अंजनिया और बंजी जैसे दर्जनों गांवों के ग्रामीण शामिल हुए। जब हजारों महिलाएं और पुरुष अपने सिर पर जवारे और कलश लेकर नर्मदा तट की ओर बढ़े, तो लगभग 2 किलोमीटर लंबी कतार लग गई। ढोल-नगाड़ों की थाप और माता के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। नर्मदा तट पर पहुँचकर पूरी श्रद्धा और विधि-विधान के साथ जवारों का विसर्जन किया गया।

### व्हाइट लैंड और मां रहवेदनी की महिमा

चौगान मढ़िया अपनी अनूठी परंपराओं के लिए विश्वविख्यात है। यहाँ विराजित शक्तिस्वरूपा को मां रहवेदनी के नाम से पूजा जाता है। इस स्थल को व्हाइट लैंड भी कहा जाता है, क्योंकि यहाँ पूजा के दौरान सफेद वस्त्र धारण करने की अनिवार्य परंपरा है। पिछले दो शताब्दी से परते परिवार यहाँ सेवा कार्य और पूजा-अर्चना संपन्न करा रहा है। गोंड जनजाति सहित समस्त समाज के लोग इस परिवार को शक्तिपीठ के गुरु के रूप में सम्मान देते हैं।

### हैरतअंगेज पूजा पद्धति और अटूट विश्वास

यहाँ की पूजा पद्धति अत्यंत विशिष्ट है। पंडा द्वारा लोहे की एक ऊँची सीढ़ी पर चढ़कर दीप प्रज्वलित किया जाता है, जिसे देखना अपने आप में एक रोमांचक अनुभव होता है। मान्यता है कि यहाँ मांगी गई हर मन्नत पूरी होती है, जिसके फलस्वरुप श्रद्धालु भारी संख्या में मनोकामना कलश स्थापित करते हैं। एक अन्य परंपरा के अनुसार, मानसिक व्याधियों से मुक्ति के लिए पीड़ितों को लोहे की जंजीर से सीढ़ी में बाँधने की आस्था भी यहाँ प्रचलित है।

### सुरक्षा व्यवस्था के साथ जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

इस भव्य आयोजन में प्रदेश की कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके, बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम सहित अनेक वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों ने शिरकत कर माता का आशीर्वाद लिया। प्रशासन और पुलिस द्वारा सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्थानीय समाजसेवियों द्वारा जगह-जगह शीतल पेयजल और विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। चैत्र नवरात्रि के इस पावन विसर्जन उत्सव ने एक बार फिर रामनगर की ऐतिहासिक विरासत और जन-जन की अटूट आस्था को जीवंत कर दिया।

### बीजाडांडी में देखने मिला श्रद्धा और सौहार्द का संगम

जनपद मुख्यालय बीजाडांडी में चैत्र नवरात्रि का पावन पर्व अत्यंत श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। नौ दिनों तक चली शक्ति की उपासना के बाद शनिवार को माता के जवारों का विसर्जन सौहार्दपूर्ण वातावरण में किया गया।

बताया गया कि चैत्र नवरात्रि के अवसर पर नगर के प्रतिष्ठित खेरमाई माता मंदिर, विजय यादव के निवास और पंडा प्रेम बर्मन के यहाँ जवारे बोए गए थे। इन स्थानों पर कलश स्थापना के साथ ही नौ दिनों तक माता की विशेष आराधना, पूजन और जस-कीर्तन का क्रम अनवरत चलता रहा। प्रतिदिन सुबह-शाम होने वाली महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

### प्रेम बर्मन के निवास से निकाली गई विसर्जन यात्रा

शनिवार को पंडा प्रेम बर्मन के निवास से जवारों का विसर्जन जुलूस भव्य रूप में निकाला गया। बैंड-बाजे और पारंपरिक धुनों के साथ निकले इस चल समारोह में सैकड़ों की संख्या में माता के भक्त शामिल हुए। नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए विसर्जन यात्रा स्थानीय जलाशय पहुंची, जहाँ विधि-विधान से पूजन के बाद जवारों का विसर्जन किया गया। विसर्जन के दौरान पूरा मार्ग माता के जयकारों से गुंजायमान रहा।

## खेरमाई मंदिर से निकली कलश यात्रा, भक्तिमय हुआ वातावरण



**नारायणगंज।** चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर स्थानीय देवरी कला बबलिया में श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। बबलिया के खेरमाई माता मंदिर में स्थापित किए गए जवारों का विधि-विधान से बगीचा तालाब में विसर्जन किया गया। बताया गया कि पिछले 9 दिनों से माता के दरबार में पंडा भरत द्वारा सुबह-सांझ विशेष पूजा-अर्चना और महाआरती की जा रही थी, जिससे पूरे गांव का वातावरण धर्ममय बना रहा। इस धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में सरपंच देवचरण पद्दाम और उप सरपंच संजय सोनी ने निरंतर सेवा भाव के साथ अपना योगदान दिया। विसर्जन से पूर्व मंदिर परिसर में हवन-पूजन, कन्या भोज और विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। विधिवत पूजन के बाद लगभग 95 कलश एवं जवारों की टुकना लेकर श्रद्धालु विसर्जन यात्रा पर निकले। ढोल-नगाड़ों की थाप पर थिरकते भक्तों की यह टोली बस्ती के मुख्य मार्गों से होते हुए तालाब पहुंची। इस दौरान सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने में देवालल पद्दाम, हरि सिंह वरकडे, प्रमोद यादव, मनीष नामदेव, अनिल यादव, चरण नेताम, राजाराम वरकडे सहित समस्त ग्रामवासियों की सराहनीय भूमिका रही।

## पिपरिया में उमड़ा जनसैलाब, माता के जयकारों से गूंजा क्षेत्र



**निवास।** जिले के निवास तहसील अंतर्गत ग्राम पिपरिया में चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व का समापन हर्षोल्लास और विसर्जन के साथ हुआ। यहाँ स्थापित किए गए जवारों का विसर्जन बड़ी धूमधाम और विधि-विधान के साथ किया गया, जिसमें स्थानीय ग्रामीणों की अटूट आस्था देखने को मिली।

विसर्जन यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं अपने सिर पर जवारे कलश धारण कर माता के भक्ति भाव में झूमती नजर आईं। यह भव्य शोभायात्रा ग्राम के प्रतिष्ठित खेरमाई माता मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों से होती हुई ग्राम के तालाब पहुंची।

### धूमधाम से हुआ विसर्जन

बताया गया कि चैत्र नवरात्रि के अवसर पर ये जवारे खेरमाई मंदिर में स्थापित किए गए थे, जहां नौ दिनों तक विशेष पूजन-अर्चन किया गया। विसर्जन के दौरान पूरे मार्ग में माता के जयकारे गूंजते रहे और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन इस दृश्य के साक्षी बने। तालाब तट पर विधि-विधान से पूजन के बाद जवारों का विसर्जन किया गया।

# निवास की आर्या ने कक्षा 5वीं के परीक्षा परिणाम में पाया प्रथम स्थान



**निवास।** राज्य शिक्षा केंद्र, मध्य प्रदेश द्वारा घोषित कक्षा पांचवीं के वार्षिक परीक्षा परिणामों में निवास स्थित सेंटा एलायसिस स्कूल की छात्रा आर्या कुशवाहा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। आर्या ने इस परीक्षा में 88.75 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और अपने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### सदैव अव्वल रहने का रहा है रिकॉर्ड

जानकारी में बताया गया कि आर्या कुशवाहा शुरू से ही मेधावी छात्रा रही हैं और विद्यालय की हर परीक्षा में सदैव प्रथम स्थान प्राप्त करती आई हैं। उनकी इस निरंतर सफलता ने यह सिद्ध कर दिया है कि कड़ी मेहनत और लगन से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

### क्षेत्र सहित परिवार में रहा खुशी का माहौल

स्थानीय अधिवक्ता दुर्गेश कुशवाहा की पुत्री आर्या की इस शानदार उपलब्धि पर सेंट एलायसिस स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों और उनके परिवार में हर्ष व्याप्त है। शुभचिंतकों और मित्रों द्वारा उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए ढेरों शुभकामनाएं एवं बधाईयां प्रेषित की जा रही हैं।





# बिजली बिल न भरने से कटी नल-जल योजना की सप्लाई

**किकरामाल में बूंद-बूंद को मोहताज ग्रामीण**

**मवई।** आदिवासी बाहुल्य जिला मंडला के विकासखंड मवई अंतर्गत ग्राम पंचायत खलोडी के पोषक ग्राम किकरामाल में इन दिनों भीषण जल संकट गहरा गया है। शासन की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना का लाभ न मिल पाने के कारण ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। गर्मी की शुरुआत में ही गांव की प्यास बुझाने वाली नल-जल योजना पूरी तरह बंद पड़ी है।

ग्रामीणों ने बताया कि नल-जल योजना के बिजली बिल का समय पर भुगतान नहीं किया गया, जिसके चलते विद्युत विभाग ने योजना की बिजली आपूर्ति काट दी है। बिजली कटने से पानी की सप्लाई पूरी तरह ठप हो गई है। वर्तमान में हालात इतने खराब हैं कि ग्रामीणों को भीषण धूप में करीब एक किलोमीटर पैदल चलकर पानी ढोकर लाना पड़ रहा है।

### पंचायत की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

गांव के लोगों का आरोप है कि इस गंभीर समस्या की जानकारी होने के बावजूद ग्राम पंचायत द्वारा कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है। ग्रामीणों में पंचायत के प्रति भारी नाराजगी है। पीने के पानी के साथ-साथ दैनिक निस्तार के लिए भी पानी की भारी किल्लत बनी हुई है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

### प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग

भीषण गर्मी और गहराते संकट को देखते हुए किकरामाल के निवासियों ने जिला प्रशासन और वरिष्ठ अधिकारियों से गुहार लगाई है। ग्रामीणों की मांग है कि बिजली बिल के विवाद को सुलझाकर जल्द से जल्द पानी की समुचित व्यवस्था शुरू कराई जाए, ताकि उन्हें इस विकट परिस्थिति से राहत मिल सके।

# आज बिछिया में सजेगा बाबा श्याम खाटू का दिव्य दरबार



**भुआ बिछिया।** बिछिया नगर के श्री श्याम प्रेमी मित्र मंडल एवं समस्त श्याम प्रेमियों के तत्वावधान में आज 29 मार्च रविवार को द्वितीय वार्षिक खाटू श्याम भजन संध्या का भव्य आयोजन होने जा रहा है। स्थानीय जनपद शॉपिंग कॉम्प्लेक्स वेयर हाउस में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है।

बताया गया कि इस आयोजन में जबलपुर के मुरली अग्रवाल अपनी टीम के साथ बाबा का दिव्य दरबार और ज्योति लेकर पहुंचेंगे। कार्यक्रम के दौरान बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार कर उन्हें छप्पन भोग लगाया जाएगा। पूरे परिसर में इत्र और पुष्प वर्षा की जाएगी, जो भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र होगी। भजन संध्या में छिंदवाड़ा के प्रसिद्ध कलाकार शंकर राने अपनी 10 सदस्यीय म्यूजिशियन टीम के साथ भजनों की प्रस्तुति देंगे। इसके साथ ही गायक रूपाली जांघेला, शैफाली शाह, सुनील सत्यार्थी, और आकाश नागवंशी सहित कई अन्य कलाकार अपनी सुमधुर आवाज से समां बांधेंगे। आयोजन समिति ने बिछिया नगर और आसपास के क्षेत्र के समस्त नागरिकों से सपरिवार और मित्रों सहित इस दिव्य आयोजन में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। कार्यक्रम की पूर्णता के बाद श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।

# नैनपुर में डीआरएम ऑफिस की मांग फिर तेज

**सैद्धांतिक सहमति के बाद भी चार दशकों से ठंडे बस्ते में है प्रोजेक्ट**




**नैनपुर।** एशिया के सबसे बड़े नैरोगेज जंक्शन के रूप में विख्यात रहे नैनपुर में डीआरएम (मंडल रेल प्रबंधक) कार्यालय की स्थापना की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। ऐतिहासिक तथ्यों के अनुसार, वर्ष 1969 तक नैनपुर में डीआरएम ऑफिस संचालित था, जिसे बाद में नागपुर स्थानांतरित कर दिया गया था। वर्तमान में ब्राडगेज लाइन बिछने के बाद नैनपुर की परिस्थितियां पूरी तरह बदल चुकी हैं और ट्रेनों के बढ़ते आवागमन के प्रबंधन के लिए यहां डिवीजन ऑफिस की महती आवश्यकता महसूस की जा रही है।

16 अगस्त 1984 को हुई भीषण रेल त्रासदी के बाद तत्कालीन रेल मंत्री गनी खान चौधरी ने नैनपुर में डिवीजन ऑफिस खोलने की घोषणा की थी। उस समय उद्घाटन की तैयारियां पूरी हो चुकी थीं, कार्ड छप गए थे और सामान भी ट्रकों में लोड हो गया था, लेकिन राजनीतिक खींचतान के चलते यह मामला ठंडे बस्ते में चला गया। इस मांग को लेकर नैनपुर में उग्र आंदोलन भी हुआ था, जिसमें बालकिशन खंडेलवाल, डॉ. मदन विश्वकर्मा और दुर्गा तिवारी सहित कई स्थानीय नेताओं पर पुलिस केस दर्ज हुए थे।

### संसाधनों की उपलब्धता, फिर भी उपेक्षा

नैनपुर में रेलवे के पास लगभग 600 एकड़ जमीन, बड़े बंगले और पर्याप्त भवन उपलब्ध हैं। विडंबना यह है कि एक ओर जहां नैनपुर में रेलवे की विशाल संपत्ति खाली पड़ी है, वहीं नागपुर में रेलवे लाखों रुपये के किराए के भवनों में कार्यालय संचालित कर रहा है। पूर्व में लोकसभा में पूछे गए सवालों के जवाब में तत्कालीन रेल मंत्रियों ने नैनपुर ऑफिस को सैद्धांतिक रूप से स्वीकृत बताया था, लेकिन धनाभाव का कारण बताकर इसे टाल दिया गया।

### क्षेत्रीय नेतृत्व से विकास की उम्मीद

नैनपुर सर्वांगीण विकास समिति ने रेल मंत्री को पत्र लिखकर जल्द डीआरएम ऑफिस स्थापना की मांग की है। समिति का मानना है कि यदि केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, प्रदेश की कैबिनेट मंत्री संपतिया उईके और सांसद भारती पारधी एकजुट होकर रेल मंत्रालय पर दबाव बनाएं, तो इस पिछड़े आदिवासी अंचल के विकास को नई गति मिल सकती है। जंक्शन पर बढ़ते यातायात के सुचारू प्रबंधन के लिए नैनपुर अब हर लिहाज से डिवीजन ऑफिस के लिए उपयुक्त है।

## सीने में उठा दर्द युवक की मौत

**जबलपुर।** कटंगी थाना अंतर्गत पड़रिया में खेत में काम करने गए युवक के सीने में अचानक दर्द उठा और उसकी मौत हो गई। मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई इसका फिलहाल पता नहीं चल सका। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक राजेन्द्र सिंह लोधी 45 वर्ष निवासी ग्राम पड़रिया थूहा ने सूचना दी बम्हौरी पटेरा जिला दमोह निवासी सरमन सिंह गौंड 40 वर्ष लगभग चार माह पूर्व से उसके खेत में काम करने आया था जो उसके घर में ही रहता था। ग्राम पड़रिया स्थित अपने खेत गया था शाम लगभग 6-30 बजे उसके खेत में काम करने वाला सरमन सिंह गौंड़ उससे बोला कि उसके सीना में दर्द हो रहा है जिसे वह शासकीय अस्पताल कटंगी अस्पताल लेकर गया शाम लगभग 7 बजे डाक्टर ने चैक कर सरमन सिंह गौंड़ को मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा जिसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।

# अंजनिया की बेटी डॉ सुरभि नामदेव बनीं मेडिकल नोडल ऑफिसर



**अंजनिया।** छत्तीसगढ़ में आयोजित होने वाले खेलो इंडिया नेशनल ट्राइबल गेम्स 2026 में मंडला जिले के अंजनिया क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण आया है। अंजनिया की होनहार बेटी डॉ सुरभि नामदेव को इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय खेल आयोजन में मेडिकल ऑफिसर नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनकी इस बड़ी उपलब्धि से समूचे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है।

जानकारी अनुसार खेलो इंडिया नेशनल ट्राइबल गेम्स 2026 का भव्य आयोजन छत्तीसगढ़ में आगामी 25 मार्च से 6 अप्रैल तक किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 1069 जनजातीय खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, वेटलिफ्टिंग, तीरंदाजी, स्विमिंग और कुश्ती सहित कुल 7 प्रमुख खेलों में मेडल इवेंट आयोजित किए जाएंगे। नोडल अधिकारी के रूप में डॉ सुरभि नामदेव पर आयोजन के दौरान देशभर से आए खिलाड़ियों के स्वास्थ्य प्रबंधन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होगी। वे चिकित्सा सुविधाओं, स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं और आपातकालीन सेवाओं की कमान संभालेंगी। डॉ सुरभि को यह प्रतिष्ठित जिम्मेदारी मिलने पर स्थानीय लोगों ने इसे क्षेत्र का सम्मान बताते हुए उन्हें हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

## बाथरूम में गिरे बुजुर्ग की मौत

**जबलपुर ।** सिविल लाईन निवासी एक बुजुर्ग बाथरूम में अनियंत्रित होकर गिर गए जिन्हें परिजनों ने आनन-फानन में इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान शुक्रवार को उन्होंने दम तोड़ दिया

पुलिस के मुताबिक मदन गोपाल कुशवाहा 71 वर्ष निवासी नवयुग कॉलेज के पास सिविल लाईन 20 मार्च को अचानक बाथरूम में गिर गए थे जिससे उन्हें चोटें आ गई । परिजन उन्हें इलाज के लिए दोपहर 3:30 बजे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे थे जहां इलाज के दौरान शुक्रवार को उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है ।